हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 35.4 डिग्री
न्यूनतम 10.8 डिग्री


11 इंडस पब्लिक स्कूल में नए सत्र 2025-26 के शुभारंभ ...





12 खेत में जलभराव और अवैध शराब बिक्री की ...




## खबर संक्षेप

### गन कल्चर पर सरकार के फैसले का स्वागत

**रोहतक।** नांदल खाप की अध्यक्षता में विभिन्न खाप प्रतिनिधियों की एक बैठक सेक्टर 36 के सनसिटी क्लब में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से गन कल्चर और बदमाशी को बढ़ावा देने वाले गीतों पर रोकथाम के सरकार के फैसले का स्वागत किया गया। खाप प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस निर्णय के लिए धन्यवाद किया और मांग की है कि अश्लील और द्विअर्थी गानों पर भी तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए।

### हुसैनी वाला से चली पैदल यात्रा महम पहुंची

**महम।** हुसैनीवाला से शहीदों की समाधी से मिट्टी लेकर चली पैदल यात्रा महम में चौबीसी चबूतरे पर पहुंची। इस दौरान चौबीसी सर्वखाप पंचायत की ओर से पद यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान चबूतरे पर दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि शहीद परिवारों के किसी एक सदस्य को राज्यसभा सांसद बनाया जाना चाहिए। आजादी के क्रांतिकारियों को शहीद का दर्जा दिया जाए। यात्रा का नेतृत्व कर रहे नवीन दलाल ने बताया कि हुसैनीवाला से मिट्टी लेकर 23 मार्च को यात्रा का शुभारंभ किया गया था।

### पुरानी व खुले में रखी खाद्य सामग्री न खरीदे

**रोहतक।** उपायुक्त ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे व्रत में प्रयोग होने वाली खाद्य सामग्री जैसे कुट्टु व सिंघाड़े का आटा, साबुदाने, सामक इत्यादि को खरीदने से पहले उनकी निर्माण व समाप्ति तिथि (एक्सपायरी) की जांच करके ही खरीदें एवं पुरानी व खुले में रखी हुई खाद्य सामग्री न खरीदें। उन्होंने कहा है कि नवरात्रों का शुभ आरम्भ हो चुका है। नवरात्रों के दौरान ज्यादातर लोग व्रत रखते है एवं व्रत के दौरान लोग कुट्टु व सिंघाड़े का आटा, साबुदाने, सामक आदि का सेवन करते है।

### महम में पनप रही अवैध कॉलोनियां

**महम।** महम के आस पास अवैध कॉलोनाइजरों की भरमार हो गई है। जगह जगह अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही हैं। टाऊन प्लानिंग विभाग की सुस्ती की वजह से महम में इन प्रोपर्टी डीलरों का धंधा खूब फल फूल रहा है। ये कॉलोनियां महम के साथ लगते बाइपास पर रोहतक और हिसार रोड पर काटी जा रही हैं। इसके अलावा महम के अंदर से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ लगती बाहरी बस्तियों के आस पास भी ये साइट बनाई गई हैं। महम की पुरानी तहसील के आस पास और भिवानी गोहाना रोड, जुलाना रोड और बास रोड पर प्रोपर्टी डीलर लोगों की गाढ़े खून पसीने की कमाई को यहां पर इन्वेस्ट करवा रहे हैं।

---

### बाढ़ बचाव कार्यों का उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने किया निरीक्षण

# बरसात के दौरान डिस्पोजल को करें निर्बाध बिजली आपूर्ति, जनरेटरों और मोटरों की क्षमता भी बढ़ाएं

- डिस्पोजलों से जुड़ी ड्रेनों को सफाई करने के दिए निर्देश
- नगर की जल निकासी अप्पू घर, हुडा कॉम्प्लेक्स व हरिजन बस्ती का डिस्पोजल अहम
- टीबी अस्पताल के समीप जल्द पाइप लाइन बिछाने के निर्देश
- गांव सुंदरपुर में करीब दो करोड़ की लागत से बनाया जा रहा पंप हाउस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बरसाती जल निकासी के डिस्पोजलों के साथ जुड़ने वाली सभी ड्रेनों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं ताकि बरसात के पानी की हाथों-हाथ निकासी की जा सके। उपायुक्त मंगलवार को अधिकारियों के साथ बाढ़ बचाव कार्य को लेकर बरसाती पानी निष्कासन केंद्रों और जिला की विभिन्न ड्रेनों का निरीक्षण कर रहे थे। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रमुख डिस्पोजलों को बिजली लाइन के स्वतंत्र फीडर के साथ जोड़ा जाए ताकि डिस्पोजल लगातार निर्बाध गति से काम करते रहे। इसके साथ ही उन्होंने यह निर्देश दिए कि संबंधित विभाग डिस्पोजल केंद्रो पर जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था करें। उन्होंने डिस्पोजल केंद्रो पर स्थापित की गई मोटर व जनरेटर की क्षमताओं के बारे में भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। अप्पू घर डिस्पोजल केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि छोटू राम पार्क क्षेत्र से बरसात के पानी की निकासी करने में अप्पू घर का डिस्पोजल बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने पप्पू घर डिस्पोजल केंद्र के साथ वाले जोहड़ में 15 मई तक मोटर व पाइप लाइन स्थापित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अप्पू घर डिस्पोजल से पानी शीला बाईपास पर एचएसवीपी की ड्रेन में जाता है। इसके बाद यह पानी आईजी निवास के साथ वाली ड्रेन से होता हुआ कैन्हेली ड्रेन में और उसके उपरांत ड्रेन नंबर 8 में जाकर गिरता है।

#### हुडा काम्प्लेक्स का किया दौरा

इसके उपरांत उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा स्थानीय हुडा काम्प्लेक्स स्थित व पुराना बस स्टैंड के समीप वाली बस्ती के डिस्पोजल केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि नगर के बरसाती पानी की निकासी के लिए अप्पू घर, हुड्डा कंपलेक्स व पुराना बस स्टैंड के समीप बनाए गए डिस्पोजल बहुत ही अहम है। उन्होंने कहा कि इन तीनों डिस्पोजल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति और जनरेटर व मोटरों की मजबूत व्यवस्था होनी चाहिए।

#### नाला बनाने में लाए तेजी

उपायुक्त ने इसके उपरांत पुराना बस स्टैंड के समीप में डिस्पोजल का निरीक्षण किया। डिस्पोजल के साथ से गुजर रही ड्रेन का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई के बारे में मौके पर यह दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने पीर बोहदी डिस्पोजल का निरीक्षण करने के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि टीबी अस्पताल के समीप से नाला बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए। इसके उपरांत उन्होंने जसिया आउटफाल ड्रेन नंबर 8, गांव सुंदरपुर में बनाए जा रहे पंप हाउस, लाखन माजरा ड्रेन आरडी 29000, लाखनमाजरा ड्रेन आरडी 6500, महम ड्रेन आरडी 30000, महम ड्रेन आरडी 50 पंप हाउस ड्रेन नंबर 8 का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

#### निरीक्षण के दौरान ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, महम के एसडीएम दलबीर फोगाट, डीएसपी रवि खुंडिया, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता बलराज सिंह चौहान, कार्यकारी अभियंता अरुण मुंजाल, कार्यकारी अभियंता मैकेनिक राजेश भारद्वाज, एसडीओ सिविल उदय भान सांगवान, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ अनिल कुमार, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा व तहसीलदार राजेश कुमार मौजूद थे।

#### पंप हाउस में टू वे सिस्टम होगा

गांव सुंदरपुर में बनाए जा रहे पंप हाउस के निर्माण पर लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत आएगी। पंप हाउस में टू वे सिस्टम होगा। जब ड्रेन नंबर 8 में पानी का लेवल जसिया ड्रेन से कम होगा तो प्राकृतिक बहाव से पानी ड्रेन नंबर 8 में जाता रहेगा। बरसात के दिनों में ड्रेन नंबर 8 में पानी की अधिकता होने की वजह से जसिया ड्रेन में बैक फ्लो हो जाता है। इस पंप हाउस के निर्माण होने पर बैकफ्लो की स्थिति में प्राकृतिक भाव के लिए जो गेट बनाए गए हैं उन्हें बंद कर दिया जाएगा और लिफ्ट करके पानी को ड्रेन नंबर 8 में डाल दिया जाएगा।

#### ड्रेन को किया जाए कवर

काहनौर सब ड्रेन का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए की खुली हुई ड्रेन को कवर किया जाए। उन्होंने काहनौर स्थित आरडी जीरो आउटफाल महम ड्रेन एट आरडी 177550 राइट ऑफ ड्रेन नंबर 8 का भी निरीक्षण किया। इसी स्थान पर बनाए गए पंप हाउस आरडी 50 का भी निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

#### अवैध कनेक्शन देख लगाई लताड़

बाढ़ बचाव कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान उपायुक्त ने अवैध कनेक्शन को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को लताड़ भी लगाई। सब्जी मंडी केस में कुछ लोगों ने झुग्गिया डाल रखी हैं। इस पर उपायुक्त ने कहा कि इन झुग्गियों से तुरंत प्रभाव से बिजली के अवैध कनेक्शन हटाए जाए और झुग्गियों को भी हटाने के निर्देश दिए गए।



#### अवैध मकानों के निर्माण पर नाराजगी

उपायुक्त ने जींद बाईपास पर अवैध रूप से बनाए गए मकानों को लेकर भी उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही डीएसपी को निर्देश दिए की इस बात की जांच की जाए कि बिजली विभाग के किस अधिकारी के समय के दौरान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की भूमि पर बिना अनुमति के बिजली के पोल लगाए गए हैं। इन पोल के माध्यम से ही अवैध रूप से बनाए गए मकानों को बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच के बाद जिस भी अधिकारी अथवा कर्मचारी का नाम सामने आएगा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की 24 घंटे के भीतर अवैध रूप से लगाए गए बिजली के खंभों को हटाया जाए।

---

### नपा महम कर्मियों ने बाजारों में करवा दिए कब्जे

# अब पैदल निकलना मुश्किल फर्राटा भरती थी रोडवेज बसें

- सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अवैध कब्जों को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** नपा कार्यालय के साथ लगते तालाब का निरीक्षण करते सांसद जांगड़ा व निगम कमिश्नर धर्मेंद्र जाखड़।

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और नगर निगम रोहतक के कमिश्नर धर्मेंद्र जाखड़ा ने महम नगर पालिका अधिकारियों के साथ मिलकर महम शहर के विकास की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कहा कि एक जमाना था जब महम शहर के बाजार के बीचों बीच रोडवेज की बसें निकलती थी। उन्हें अच्छी तरह याद है कि सन 1972 में बाजार के बीच से बस गुजरती थी और उसके पास से दूसरा वाहन भी निकल जाता था। लेकिन नगर पालिका अधिकारियों ने धीरे धीरे इस रोड पर अवैध कब्जे करवा दिए। लोगों ने कमेटी अधिकारियों से सांठगांठ कर नक्शे पास करवा लिए। अब यहां से राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। नपा अधिकारियों व कब्जाधारियों की सांठगांठ का नतीजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है। ये कब्जे थोड़े अंतराल में नहीं हुए। धीरे धीरे कब्जे बढ़ते गए और रास्ता घटता गया।

---

### टिटोली निवसी देवव्रत की हत्या के मामले में एसपी से मिले ग्रामीण

- एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया

**रोहतक।** गांव टिटोली निवसी देवव्रत की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर ग्रामीण एसपी से मिले। इस दौरान एसपी से मृतक की पत्नी ने आरोपियों से मिल रही धमकी के बारे में शिकायत दी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एसपी ने शिकायत सुनते ही आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

मृतक देवव्रत के भाई यशवीर ने बताया कि दो साल पहले देवेंद्र उर्फ काला निवासी गांव टिटोली के साथ मामूली कहासुनी को लेकर उनका झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पंचायती तौर पर समझौता कर लिया था। इसके बाद आरोपी देवेंद्र, बिजेंद्र, हरेंद्र ने धमकी दी थी।

---

### जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी मिलकर बार के विकास के लिए करें कार्य : डॉ. अरविंद शर्मा

*न्यायिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगभग 8 हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक






जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के लिए मंगलवार को परिसर के हॉल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी ने जिला बार की उन्नति व प्रगति के लिए कार्य करने तथा व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद का दुरुपयोग न करने की शपथ ली। समारोह के मुख्यातिथि एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन डॉ. विजेंद्र अहलावत, महामंडलेश्वर कपिल पुरी महाराज, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल व एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन भी उपस्थित रहे। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। जिला बार में विकास कार्यों के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 11 लाख रुपए, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल की ओर से 11 लाख तथा एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन की ओर से 11 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर न्यायिक व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में प्रयासरत है। देश में न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगभग 8000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में न्याय व्यवस्था पर खर्च धनराशि का 75 प्रतिशत केवल 10 साल में खर्च हुआ है।

#### पारदर्शी तरीके से करेंगे कार्यः दीपक हुड्डा

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने कहा कि वे जिला बार के लंबित कार्यों को पूर्ण करवाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा, उप प्रधान अजय ओल्याण, महासचिव राजकरण पंघाल, संयुक्त सचिव डिंपल तथा लाइब्रेरियन अनिल कुमार ने शपथ ग्रहण की।

---

**सुविधा** | निदेशक और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मित्तल ने योजना का शुभारंभ किया

# पीजीआईएमएस में अब सड़क दुर्घटना के मरीजों को मिलेगा फ्री इलाजः डॉ. सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के धनवंतरी एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सड़क दुर्घटना से घायल होकर आने वाले मरीजों के लिए बहुत बड़ी राहत भरी खबर है। अब पीजीआईएमएस सड़क दुर्घटना में घायल होकर आने वाले मरीजों को डेढ़ लाख रुपये तक का इलाज कैशलेस स्कीम के तहत करवाएगा। मंगलवार को पीजीआईएमएस के निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल और चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने ऑनलाइन क्लिक करके इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का नोडल अफसर ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज डॉ पंकज छिक्कारा को बनाया गया है। इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने बताया कि हरियाणा में सड़क हादसे में घायल होकर 24 घंटे के अंदर ट्रॉमा सेंटर में आने वाले लोगों को अब डेढ़ लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आदेश पर यह पहल संस्थान में शुरू की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत जैसे ही कोई सड़क दुर्घटना का मरीज ट्रॉमा सेंटर में पहुंचता है तो जीडीएमओ उसकी ई पोर्टल पर जानकारी भरेगा और एक आम मरीज की तरह वह भर्ती हो जाएगा। इसके पश्चात ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर रिसेप्शन काउंटर से मरीज की एक आईडी बनाई जाएगी। आईडी बनने के बाद वह फाइल पर लिखी जाएगी। डॉक्टर सिंघल ने बताया कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति का डेटा सॉफ्टवेयर में अपलोड कर अस्पताल संबंधित पुलिस थाने को भेजेगा। पुलिस को छह घंटे में पुष्टि करनी होगी कि व्यक्ति सड़क हादसे में घायल है या नहीं। पुष्टि होने के बाद अब घायल व्यक्ति को कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी, इसके लिए फार्मासिस्ट विशेष रूप से नियुक्त किया गया है। डॉक्टर एस के सिंघल ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस योजना से सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले मरीजों को बहुत ज्यादा राहत मिलेगी और उनके परिजनों को सम्मान के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। डॉ एस के सिंघल ने बताया कि इस योजना का कार्य ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज डॉक्टर राजेश रोहिल्ला की देखरेख में रहेगा।

#### आज से स्कीम का लाभ मिलना शुरू

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने बताया कि आज एक सड़क हादसे में घायल मरीज सर्जरी विभाग की यूनिट 2 में रजिस्टर हो गया है और आज से ही स्कीम का लाभ मरीजों को मिलना प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया की स्कीम के तहत डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज या 7 दिनों तक अस्पताल में चलने वाले इलाज का खर्च संस्थान व सरकार अपनी तरफ से करेगा। डॉ कुंदन मित्तल ने बताया कि इस योजना के लिए सभी संबंधित चिकित्सकों को पूर्ण पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है। डॉ राजेश रोहिला ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने में किसी मरीज को कोई परेशानी ना आए, इसके लिए फार्मासिस्ट,सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, सीनियर रेजिडेंट, कंसलटेंट व जीडीएमओ की विशेष रूप से जिम्मेदारी लगाई गई है।

---

### पीड़ित को स्काइप के माध्यम से निगरानी में रखा जाता

# डिजिटल अरेस्ट से घबराएं नहीं, 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जुर्माने व समाज में अपमान होने के डर से पीड़ित पुलिस से संपर्क नहीं करता

एसपी ने नरेंद्र बिजारणिया ने बताया कि आपके बेटे या बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहां हैं और अगले ही पल पर कहा जाए कि मैं नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपतिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुरंत सतर्क हो जाए। यह साइबर ठगो का काम हो सकता है। साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते है। ऐसे हालात में घबराये नहीं सचेत रहे और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें। एसपी ने बताया कि ठगों द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिए सर्विलंस पर फोन या वेबसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। इस दौरान आपको वीडियो कॉल से हटने भी नहीं देता है और न ही किसी को कॉल करने देते है। लंबी सजा और बड़े जुर्माने व समाज में अपमान होने के डर से पीड़ित ठगों द्वारा कही हर बात को फॉलो करता है। रफा-दफा करने के लिये पीडित से पैसे मांगता है और पीड़ित उसे रकम भी दे देता है।

#### जालसाजों से बचकर रहे

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट मे पीड़ित को स्काइप के माध्यम से निगरानी में रखा जाता है और ठगी करने के बाद ही उसे मुक्त किया जाता है। राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर डिजिटल अरेस्ट की शिकायतो में अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई विभाग, आरबीआई और ईडी जैसी ऐंजिसियो के अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातो को अंजाम देते है। ऐसे जालसाजो से बचकर रहे और तुरंत शिकायत साइबर हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करे।



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

## लाइफ Style



# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942ः अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत



**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।

***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*



### निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज़ द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

## खबर संक्षेप

### विजेता सुमित सिवाच का किया भव्य स्वागत

**महम।** भैणी सुरजन गांव निवासी चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी की कबड्डी टीम के खिलाड़ी सुमित सिवाच ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में ब्रोंज मेडल हासिल किया है। महम पहुंचने पर सुमित का स्वागत किया गया। महम अकेडमी में पहुंचने पर कोच, खिलाड़ियों व परिजनों ने फूलों व नोटों की मालाओं से स्वागत किया। कोच संजय मंढाणा का भी फूलों व नोटों की मालाओं के साथ स्वागत किया गया। कोच रमेश कुमार ने बताया कि सुमित सिवाच चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी की सर्कल कबड्डी टीम का हिस्सा थे।

### प्रतिभावान छात्राओं का पुरस्कार देकर सम्मान

**महम।** खरकड़ा गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय युवा संसद में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। अपनी कक्षाओं में पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी राधा अहलावत ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। राधा ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल इंचार्ज ने बताया कि स्कूल में लगातार छात्राओं की संख्या बढ़ रही है।

### राम कथा के तीसरे दिन भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**रोहतक।** श्री राम मंदिर रामनगर में आयोजित शरीराम कथा के तृतीय दिवस में राम विवाह बड़ी थभूमधाम से सम्पनता हुई। कथा व्यास स्वामी रामानुज दास महाराज ने राम विवाह की कथा सुनाते हुए भगवान श्रीराम के पृथ्वी पर अवतार लेने के कारणों की व्याख्या की। स्वामी रामानुज दास महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम का धरती पर अवतार लेने का उद्देश्य धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और मानवता की रक्षा था। उनका अवतार हमें सत्य, धर्म, और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान, सतगुरु देव महंत अशोक दास महाराज ने अपने आशीर्वचन में भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनके जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों पर प्रकाश डाला।

### मां कूष्मांडा की पूजा कर मांगी मन्नतें

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्रों में मंगलवार को शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना करके भक्तों ने परिवार की खुशियाली और हरियाली की कामनाएं की। गत सोमवार को नवरात्रि के दूसरे और तीसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी और देवी चंद्रघंटा दोनों की पूजा अर्चना की ग़ई थी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि में इस नृत्य साधना से भक्तजन देवी मां स्वयं भक्तों के हर कष्ट दूर करती है कार्यक्रम में दुर्गा स्तुति पाठ, प्रवचन, भजन संध्या, पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती और प्रसाद वितरित हुआ।

## नए विद्यार्थियों का सहपाठियों व अध्यापकों ने किया उत्साह से स्वागत

# इंडस पब्लिक स्कूल में नए सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर मनाया प्रवेशोत्सव

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने नई कक्षाओं में आने पर शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक







इंडस पब्लिक स्कूल में सोमवार को नए सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर प्रवेशोत्सव मनाया गया। सभी कक्षाओं में आए नए विद्यार्थियों का सहपाठियों व अध्यापकों ने स्वागत किया। विद्यालय प्रांगण में विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा के साथ सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों ने मंत्रोच्चारण वाचन द्वारा पूर्णाहुति दी। जिससे वातावरण सकारात्मक व आध्यामिकता से परिपूर्ण हो गया। सभी कक्षाओं में नई ऊर्जा व जोश के साथ अपनी पुस्तकों की जानकारी ली। सभी कक्षा अध्यापकों ने भी छात्रों को आगामी शैक्षिक सत्र की जानकारी दी। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने नई कक्षाओं में आने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी आत्मनिष्ठा के साथ अपना कार्य करें जिससे हमारा घर, समाज और देश उन्नत होगा।

### इंडस जूनियर विंग में नए-सत्र का शुभारंभ



**रोहतक।** इंडस जूनियर विंग में नए-सत्र का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। सभी अध्यापकों ने बच्चों का स्वागत किया। इसके बाद सरस्वती वंदना व कठपुतली शो कार्यक्रम किया गया। जिसका बच्चों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में इंडस परिवार सभी छात्रों भविष्य की उज्जवल कामना की।



### राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंडाना में प्रवेश उत्सव मनाया

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंडाना में मंगलवार को प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ स्कूल में हवन यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भाग लिया। हवन में एसएमसी के सदस्य भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्कूल की प्रधानाचार्य गीता सिंह ने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य गीता ने कहा कि यह समय छात्र-छात्राओं के लिए बड़े उत्साह का है। स्कूल में अधिक से अधिक छात्र प्रवेश लें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने गांव के गणमान्य लोगों से अपने बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला दिलवाने की अपील की।



### केवीएम स्पेशल स्कूल ने परिणाम घोषित किया

**रोहतक।** केवीएम कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के अंतर्गत चल रहे केवीएम स्पेशल स्कूल के बच्चों की परीक्षा परिणाम मंगलवार घोषित किए गए। केवीएम स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों को फ्री में शिक्षा प्रदान की जाती है। कॉलेज के डायरेक्टर कर्मवीर मायना दिव्यांग बच्चों को फ्री शिक्षा देने के साथ-साथ उनकी सभी अन्य आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखते हैं। परिणाम घोषणा दिवस पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभी बच्चों को इस अवसर पर उपहार दिए गए। अंत में कॉलेज के डायरेक्टर कर्मवीर मायना ने दिव्यांग बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. धर्मवती, आशा ,सुमन, शैलजा, पूजा आदि स्टाफ भी मौजूद रहे।

## नए शिक्षा सत्र की शुरुआत, बच्चों का फूल मालाओं और तिलक से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीसर खास में खण्ड स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने की। जबकि अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार समारोह के मुख्य अतिथि रहे। ग्रामीणों व शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का पगड़ी व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय के प्रांगण, कक्षा कक्षों, प्रयोगशालाओं, मिड डे मील कक्ष का भ्रमण किया। विद्यालय को जिला स्तर पर सौंदर्यीकरण में प्रथम आने पर बधाई दी। ग्रामीणों से विद्यालय और स्टाफ का सहयोग करने को भी कहा। खेलों, सांस्कृतिक गतिविधि में श्रेष्ठ तथा वार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सम्मानित किया।

कक्षा छठी, 9वीं तथा कक्षा 11वीं में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का फूल मालाओं व तिलक के साथ स्वागत किया गया। छात्राओं ने नृत्य एवं नाटक के माध्यम से सामाजिक जागरुकता का संदेश दिया। एडीसी ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाने का आश्वासन लिया। सरकारी विद्यालयों में सभी सुविधाएं जैसे कि स्मार्ट क्लासरूम पुस्तकालय कंप्यूटर लैब खेल के मैदान,अनुभवी व योग्य स्टाफ के बारे में अवगत करवाया। सरकार की अनेक स्कीमों के बारे में ग्रामीणों को बताया और प्राइवेट स्कूलों की तरफ जाने की सोच को बदलने के लिए आह्वान किया। गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को तुरंत प्रभाव से बंद करने व इनमें बच्चों को दाखिला न करवाने बारे कहा।

### स्कूल में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया

**रोहतक।** शहीद सतपाल सिंह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बोहर में प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी उपस्थित रहे।

हवन और मां शारदा की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की प्राचार्य सुनीता राठी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद मनीषा ने शिरकत की। इस अवसर पर संजय राठी ने कहा कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संसाधनों की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ जागरूकता की है।

## बाबा मस्तनाथ विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन 4 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आगामी 4-5 अप्रैल को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश, आईके गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय, पंजाब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय भारतीय ज्ञान परंपराः गौरवशाली इतिहास से उज्ज्वल भविष्य की ओर निर्धारित किया गया है। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. दीपक यादव ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा अपने प्राचीन और समृद्ध इतिहास के लिए जानी जाती है, जिसने धार्मिक, दार्शनिक, वैज्ञानिक, साहित्यिक और कलात्मक क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इसकी जड़ें वेद, उपनिषद, शास्त्र, पुराण तथा अन्य शास्त्रीय ग्रंथों में निहित हैं, जो न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं, बल्कि जीवन के विविध पहलुओं को समझाने में भी सहायक हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन उद्‌घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रख्यात विद्वान, शिक्षाविद, और शोधकर्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में शिक्षकों और शोधार्थियों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा। सम्मेलन में प्रस्तुत किए जाने वाले चुनिंदा शोध पत्रों के आधार पर छह शोध पुस्तकें भी प्रकाशित की जाएंगी।

## जेपी स्कूल में हुआ क्रांतिकारी एआई उत्पाद 'ज्ञान सेतु' का शुभारंभ

- प्रमुख अतिथि डॉ. मार्कण्डेय आहूजा और जनरल नयन उपस्थित थे, जिन्होंने शिक्षा में एआई के एकीकरण के महत्व पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





जेपी इंटरनेशनल स्कूल में क्रांतिकारी एआई उत्पाद 'ज्ञान सेतु' का शुभारंभ हुआ, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि डॉ. मार्कण्डेय आहूजा और जनरल नयन उपस्थित थे, जिन्होंने शिक्षा में एआई के एकीकरण के महत्व पर जोर दिया।

ज्ञान सेतु' शिक्षा के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी कदम है, जो छात्रों, शिक्षकों और संस्थानों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से व्यक्तिगत और अनुकूलित शिक्षा का अनुभव प्रदान करेगा, जिससे छात्रों का सीखना अधिक प्रभावी और रुचिकर होगा। कार्यक्रम में डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने कहा कि एआई शिक्षा का भविष्य है और ज्ञान सेतु शिक्षा को सुलभ, आकर्षक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जनरल नयन ने भी जोर देकर कहा कि यह उत्पाद शिक्षकों और संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगा, जिससे वे छात्रों को भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार कर सकेंगे। इसके साथ संस्था अध्यक्ष राजीव मलिक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया बड़ी तेजी से बदल रही है और अगर हम शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ कर नहीं चलेंगे तो दुनिया की दौड़ में हर तरीके से पीछे रह जाएंगे। इस अवसर पर ज्ञान सेतु की क्षमताओं का सीधा प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित शिक्षकों और छात्रों को उत्साहित कर दिया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को दिए पुरस्कार

**महम।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा में विद्यालय का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रतिभावान छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रिंसिपल बबीता ने पुरस्कृत होने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर छात्राओं ने गांव में एक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्राओं ने ग्रामीणों को अपनी बेटियों का दाखिला सरकारी स्कूल में करवाने का आह्वान किया।

### वैदिक मंत्रों के साथ शुरू हुआ नए शिक्षा सत्र का आगाज



रोहतक। जेपी कॉलोनी स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में मंगलवार को नए सत्र का शुभारंभ वैदिक मंत्रों व हवन के साथ किया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या आशु साहनी , प्रांतीय संस्कार केंद्र प्रमुख सुभाष, प्रबंधक पुष्पदीप डागर ,(कोषाध्यक्ष अंकुश जसपाल, समाज सेविका बृजबाला , विद्यालय का पूरा स्टाफ, अभिभावक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने हवन में पूर्णाहुति डालकर भगवान से आशीर्वाद लिया। हवन के उपरांत सुभाष के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती व दुर्गा मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किए गए। इसके बाद स्कूल के नए वाहन की पूजा अर्चना कर स्वास्तिक बनवाया गया। तत्पश्चात नए बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार करवाया गया। जिसमें उनसे मोरपंखी द्वारा स्वास्तिक बनवाए गए। प्राचार्या व बृजबाला द्वारा गंगाजल का छींटा व पुष्प वर्षा की गई। छोटे बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए उन्हें कुछ उपहार दिए गए। अभिभावागण को चाय और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या आशु साहनी ने अपने उद्बोधन में छात्र -छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नए सत्र की शुरुआत जोश और एक नए संकल्प के साथ होनी चाहिए।



**महम।** नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर मोखरा के राकवमावि में छात्राओं का फूल माला पहनाकर स्वागत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### सूचना

मैं, रोहतास सिंह पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी मकान नंबर 890/10, राम गोपाल कालोनी, रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मन्जीत मलिक मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर जोर

# जिले के विभिन्न खंडों में परीक्षा परिणाम दिवस और प्रवेश उत्सव पर विद्यार्थियों का सम्मान

- कार्यक्रमों में एडीसी, एसडीएम व सीटीएम सहित वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद
- कार्यक्रमों में विभिन्न विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफियां एवं प्रमाण-पत्र भेंट किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**अभिभावकों को जागरूक करने का अभियान**

विद्यालयों में शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक सरकारी विद्यालयों में प्रवेश कराएं ताकि वे राज्य सरकार की बेहतरीन सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ उठा सकें।

परीक्षा परिणाम दिवस एवं प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन रोहतक एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न खंडों में परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई और अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया गया। रोहतक खंड कार्यक्रम में नगराधीश अंकित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांपला खंड में एसडीएम उत्सव आनंद ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कलानौर खंड में नगरपालिका अध्यक्षा निर्मला देवी मुख्य अतिथि रहीं। महम खंड में एडीसी नरेंद्र कुमार स्वयं उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। लाखन माजरा खंड में नगरपालिका चेयरपर्सन वीरेंद्र दलाल ने इस उत्सव की अगुवाई की। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने परीक्षा परिणाम दिवस एवं प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं और उपस्थित जनसमूह को अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया।

जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा पहले ही वीडियो संदेश के माध्यम से सभी अभिभावकों से अपील कर चुके हैं कि वे अधिक से अधिक बच्चों दाख़िला का सरकारी विद्यालयों में करवाएं ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने संयुक्त रूप से सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

कलानौर। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में मंगलवार को प्रवेश उत्सव तथा वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। सरकारी विद्यालयों में प्रवेश संख्या को बढ़ावा देने पर आधारित यह कार्यक्रम अत्यंत रोचक रहा। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर चेयरमैन कलानौर निर्मला, नगर पार्षद राजकुमार फौजी, खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल, एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों की उपस्थिति रही।समारोह का प्रारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन से किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने उपस्थित सभी अतिथियों, एस एम सी सदस्यों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को विद्यालय में नामांकन बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मुख्य अतिथि निर्मला, राजकुमार एवं विशिष्ट अतिथि सुनीता चहल ने प्रशंसा की।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

SHORT AND LONG TERM NEW BATCHES
CUET DU/KU/IPU/MDU
IPM-IIMs (ROHTAK, INDORE, AMRITSAR, RANCHI, BANGALORE, JAMMU, BODHGAYA)
CAT-2025 IIMs
NDA
BBA
HM (HOTEL MANAGEMENT)
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak
M. 9254304337

**खबर संक्षेप**



## एनएचएम कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** एनएचएम कार्यालय की तरफ से पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि सभी एनएचएम कर्मचारियों को अपने निजी फोन में एक थर्ड पार्टी ऐप डाउनलोड करनी पड़ेगी, जिसका नाम जियोफेंस अटेंडेंस सिस्टम हैं। इसके तहत केवल एनएचएम कर्मचारियों की हाजिरी , निगरानी आदि शामिल हैं । स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम से अन्य कर्मचारी ( नियमित , कौशल रोहतक) इसमें शामिल नही है। एक ही विभाग मे इस प्रकार का रवैया विभाग की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है।

## शिक्षा जीवन परिवर्तन का मार्ग : एसडीएम



**सांपला।** शिक्षा महज नौकरी पाने का जरिया नहीं, बल्कि जीवन परिवर्तन का मार्ग है। शिक्षा ही हमें संस्कारी बनाती है। यह बात एसडीएम उत्सव आनंद ने मंगलवार को पाकस्मा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कहीं। वे प्रवेश उत्सव के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे। इस मौके पर परिणाम भी घोषित किया और श्रेष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट : वशिष्ठ

**रोहतक।** प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ ने कहा है कि शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। कई कॉलोनियों में गंदगी फैली हुई है, जिसकी तरफ नगर निगम का कोई ध्यान नहीं है। वशिष्ठ ने कहा कि नगर निगम को कूड़े के ढेरों को हटाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने खुद कई जगह निरीक्षण कर पाया कि निगम कर्मचारी सही ढंग से सफाई नहीं करवा पा रहे हैं।

### समाधान शिविर : अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश

# खेत में जलभराव और अवैध शराब ब्रिकी की आईं शिकायतें

- जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए आयोजित किए गए समाधान शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने शिकायतें सुनी। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में गढ़ी-सांपला निवासियों की कृषि भूमि से वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की शिकायत से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्या का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता गांव में मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लेंगे तथा जलभराव से निपटने के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने गढ़ी-सांपला में अवैध शराब की बिक्री से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि संबंधित एसएचओ द्वारा इस मामले की जांच की जाएगी।

प्रदीप कौशिक ने स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में फैंसिंग खेल का कोच नियुक्त करने तथा प्रशिक्षण दिलवाने से संबंधित मांग के संदर्भ में खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि विभाग के माध्यम से खिलाड़ियों को खेल परिसर में फैंसिंग खेल का कोच उपलब्ध करवाकर यथाशीघ्र प्रशिक्षण शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने रिहायशी क्षेत्र में स्थापित गैस एजेंसी के गोदाम को शिफ्ट करने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक से कहा कि वे संबंधित गैस एजेंसी के प्रबंधक से बात कर आवश्यक कार्रवाई करवाएं।



**रोहतक।** समस्या सुनतें अधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

समाधान शिविर में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, पुलिस निरीक्षक रमेश कुमार, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका सिंह, भाजपा के प्रतिनिधि सतीश चौधरी व एडवोकेट अंकुश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**बंद गली को खुलवाने की मांग**

*जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने खरैंटी गांव में बंद गली को खुलवाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए मौके पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्धारित अवधि में इस गली को खुलवाना सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी न हो। इस अवसर पर नगर निगम, पुलिस, समाज कल्याण, रोजगार विभाग व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।*

# ग्राम पंचायत उप चुनाव की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई समीक्षा

- हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के सचिव योगेश कुमार ने तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश
- जिला की दो ग्राम पंचायतों के सरपंच पद व विभिन्न ग्राम पंचायतों के 20 पंच पदों के लिए होगा उप चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के सचिव योगेश कुमार ने ग्राम पंचायतों के उप चुनाव की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट प्रकाशन, दावे एवं आपत्तियों के निपटारे इत्यादि के उपरांत समयबद्ध तरीके से मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) राजपाल चहल ने जिला में पंचायत उप चुनाव की तैयारियों की जानकारी दी। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने कहा कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 5 अप्रैल तक वार्ड अनुसार मतदाता सूचियां तैयार की जाएगी तथा आगामी 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत की वार्ड अनुसार मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। आगामी 18 अप्रैल तक दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएगी, जिनका 22 अप्रैल तक निपटारा किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को दावे व आपत्तियों के निपटारे के खिलाफ 25 अप्रैल तक अपील की जा सकेगी, जिसका 6 मई तक निपटारा करते हुए आगामी 13 मई 2025 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। जिला में सांपला खंड के गांव अटायल व कलानौर खंड के गांव बनियानी में सरपंच पद के लिए उप चुनाव होगा तथा जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों के विभिन्न 20 वार्डों के लिए पंच पदों के लिए उप चुनाव होगा।

## हिंदू शिक्षण संस्थान की नई कार्यकारिणी ने पदभार किया ग्रहण

**रोहतक।** श्रीलाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में हिन्दू शिक्षण संस्थान की नई कार्यकारिणी ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने इस अवसर पर बताया कि गत 21 मार्च को हिन्दू शिक्षण संस्थान के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न कराये । इन चुनावों में प्रधान पद के लिये श्याम कपूर, उपप्रधान पद के लिये अजय निझावन, महामन्त्री पद के लिये संजय आहूजा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिये जतिन लूथरा का निर्वाचन किया गया । इनके अतिरिक्त संस्थान के प्रशासनिक निकाय के लिये राजेश सहगल, सुदर्शन धींगडा, राकेश गुगनानी, भारत भूषण बठला,ओमप्रकाश जुनेजा, राधेश्याम ढल, राजेश कुमार आदि ने स्टाफ प्रतिनिधि के रूप में डॉ. राजेश गहलावत व डॉ. शालू जुनेजा शैक्षणिक स्टाफ व गगन चावला गैर शैक्षणिक स्टाफ का भी निर्वाचन किया गया । पूर्व ऑफिस बियरर्स में पूर्व प्रधान सुदर्शन धींगडा ने श्याम कपूर को, पूर्व उप प्रधान अश्विनी खुराना ने अजय निझावन को, पूर्व महामन्त्री जितेन्द्र मेहता ने संजय आहूजा को तथा पूर्व कोषाध्यक्ष सुनील आहूजा ने जतिन लूथरा को पुष्प गुच्छ देकर पद भार ग्रहण कराया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । नव चयनित कार्यकारिणी के सदस्यों ने निवर्तमान कार्यकारिणी के सदस्यों को शाल भेंट कर के उनके कार्यकाल के सफल समापन पर बधाई दी । इस अवसर पर एचआईएमटी निर्देशक डॉ. हितेश ढल, शादीलाल विरमानी, डॉ. रश्मि छाबडा, डॉ. अंजू देशवाल, अनिला बठला, विरेन्द्र दुआ, डॉ. प्रवीण शर्मा व अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# नशा हटाओ देश बचाओ यात्रा की पूर्णाहुति 13 को बोहर में डाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

30 मार्च से शुरू हुई नशा हटाओ देश बचाओ यात्रा की पूर्णाहुति 13 अप्रैल रविवार को आर्य समाज बोहर में होगी । ये जानकारी कृष्ण देव शास्त्री ने दी। उन्होंने बताया कि कहा कि यदि देश के युवा का नैतिक चरित्र उच्च है, तो निश्चित ही यह राष्ट्र भी उन्नति की ओर अग्रसर होगा। आज गंदे गीत क्रिमिनल्स अनाप-शनाप गानों के द्वारा गंदे चलचित्रों के द्वारा मोबाइल इंटरनेट पर गंदी फिल्मों के द्वारा देश के युवा का चरित्र बर्बाद करने का एक बहुत भयंकर पाप सोशल मीडिया पर चल रहा है। इन पर सब रोक लगाने के लिए ही आर्य समाज ने अभियान शुरू किया है। शास्त्री ने बताया कि इस प्रकार के अराजकता फैलाने वाले गानों पर सरकार ने प्रतिबंध लगाने का कार्य किया है। लेकिन केवल नियम बनाने से काम नहीं चलेगा। राष्ट्रहित में अच्छा गीत संगीत गाने वालों को आर्य समाज बोहर द्वारा 13 अप्रैल रविवार को आर्य यज्ञशाला बोहर में सम्मानित किया जाएगा। ये कृष्णदेव ने कहा। मंगलवार को सेक्टर 5 के स्कूल में यज्ञ करवाया गया जिसमें स्कूल इंचार्ज नीलम, मुख्य अध्यापिका पूनम नांदल, प्रिंसिपल स्वाति आर्या, सुरेश ,निर्मला, ,बबीता , मोनिका, सरिता आर्य आदि रहे।



# पोजीट्रोन अस्पताल में 5 तक फ्री होगी कैंसर जांच

- नि:शुल्क मैमोग्राफी, पैप स्मीयर, पीएसए की जांच होगी
- मरीजों ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पॉज़िट्रोन अस्पताल सेक्टर 35 सनसिटी में मंगलवार से पांच दिवसीय फ्री मेगा कैंसर कैंप शुरू हो गया ह। पहले दिन चिकित्सकों ने काफी मरीजों की जांच की। पसेंट जांच से काफी संतुष्ट नजर आए। इन्होंने चिकित्सकों का आभार भी व्यक्त किया। एक मरीज ने कहा कि अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी जांच काफी सेवाभाव से की। अस्पताल के सीईओ अनिल यादव ने बताया कि इस कैंप मैं हरियाणा की सबसे बड़ी कैंसर टीम द्वारा फ्री जांच होगी। कैम्प में रेडिएशन , कैंसर सर्जरी, कीमौथेरेपी के डाक्टर द्वारा जांच की जाएगी। कैंप में फ्री मैमोग्राफी, फ्री पैप स्मीयर, फ्री पीएसए जांच होगी। उन्होंने बताया कि इस कैंप में लैब टेस्टों की 50% तक छूट मिलेगी। दवाइयों के रेट पर भी छूट रहेगी। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि इससे पहले भी हम कई कैंप लगा चुके हैं। जिसमें शहर र आसपास के इलाके के लोगों ने आकर काफी फायदा उठाया। उसी कड़ी में अब फिर से लोगों की सेवा मुफ्त जांच करके अस्पताल की तरफ से की जाएगी।

**कैंसर एक गंभीर बीमारी**

कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, और यह जानलेवा भी हो सकती है, लेकिन सही समय पर पहचान और इलाज से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। बीमारी से शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है। और अनियंत्रित रूप से फैलने पर जानलेवा हो सकता है। कैंसर में, शरीर की कोशिकाएं सामान्य तरीके से विभाजित होने के बजाय, अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बन सकते हैं। इलाज संभव है, खासकर अगर इसका शुरुआती चरण में पता चल जाए। इलाज के लिए सही समय पर पहचान और इलाज बहुत महत्वपूर्ण है।

**लक्षण को अनदेखा न करें**

किसी भी असामान्य लक्षण या संकेत को नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें। अक्सर हम यह सोचते हैं कि कैंसर एक लाइलाज बीमारी है। हां, इसका इलाज थोड़ा मुश्किल है। कुछ लोग इस बीमारी से लड़ कर विजय हासिल कर लेते हैं। कैंसर खतरनाक होने के साथ-साथ जानलेवा भी है, ये तो सच है। लेकिन इलाज से बीमारी को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है। कैंसर को दुनिया की सबसे गंभीर बीमारी माना गया है. साथ ही दुनियाभर में मरने वाले लोगों के प्रमुख कारणों में से एक कारण कैंसर को माना गया है।

## एनीमिया को लेकर बैठक का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 7 अप्रैल से दो दिवसीय एनीमिया मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन करेगा। 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर इस विशेष एनीमिया मुक्त पोषण युक्त कैंपस अभियान का आयोजन होगा। एमडीयू कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत की अध्यक्षता में इस बारे में बैठक का आयोजन किया गया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि एमडीयू बतौर मिशन एनीमिया मुक्त अभियान को आगे बढ़ाएगा। कुलसचिव ने कहा कि 7 अप्रैल को विशेष रूप से कन्या छात्रावासों में एनीमिया स्क्रीनिंग के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर तथा यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में भी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। इस बैठक का संयोजन यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने किया। इस बैठक में चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी, फार्मेसी विभाग के प्रो. राकेश मरवाह, हेल्थ सेंटर प्रभारी डॉ. स्वाती सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. आरती चहल, निदेशक यूसीसी डॉ. जीपी सरोहा, चीफ कंसलटेंट आउटरीच प्रो. राजकुमार, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान, डॉ. योगेश कुमार तथा नरेश अहलावत उपस्थित रहे।



## एनएसएस कैंप का किया आयोजन



**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल मुखिया सरोज नरवाल की अध्यक्षता में कैंप के चौथे दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना और एनएसएस लक्ष्य गीत से हुई। पहले सत्र में डॉक्टर वीरेंद्र फोगाट द्वारा मेडिटेशन सेशन का आयोजन किया गया। जिसमें ध्यान एवं आध्यात्मिकता पर महत्व दिया गया। इसके उपरांत डॉक्टर अजीत राणा द्वारा अध्यात्म के ज़रिए चरित्र निर्माण का महत्व समझाया एवं इसके लिए आत्मज्ञान पर बल दिया।

# कुष्ठ रोगियों के लिए बनेंगे 30 कमरे : डीसी

### निर्माण में दानवीरों का लिया जाएगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

समाज की भागीदारी लेकर दान वीरों के सहयोग से जिला रेडक्रॉस समिति के अंतर्गत चलाए जा रहे कुष्ठ आश्रम के 30 कमरों का निर्माण जन भागीदारी से किया जाएगा, जिससे कि कुष्ठ आश्रम में रह रहे 26 परिवारों को रहने की समुचित व्यवस्था हो सके। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि 1972 में संजय कॉलोनी में गांधी कुष्ठ आश्रम शुरू किया गया था। आश्रम में कुष्ठ रोग से प्रमाणित 26 परिवार रह रहे है। आश्रम के मकान काफी जर्जर हो चुके हैं। इसके लिए अब कोई भी सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, दानवीर अपने परिवारजन की याद में या किसी भी नाम से कमरे का निर्माण कर सकता है और उस पर अपना अथवा अपने पारिवारिक सदस्य का नाम अंकित करवा सकता है।



उन्होंने बताया कि 30 कमरों का निर्माण किया जाना है। एक कमरे पर लगभग 5 लाख रुपए की राशि खर्च होगी, जिससे सभी कुष्ठ से प्रभावित व्यक्ति, महिला व पुरुष आराम से रह पाएंगे।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि आम जनता की भागीदारी इसमें हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति कहीं से भी नगद राशि अथवा ईंट, बजरी, रोड़ी, सीमेंट, कुछ भी दान कर सकता है, जिसके लिए दानदाता को रसीद काट कर दी जाएगी।

**न्यूज डायरी**

## कर्मियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** जिला में कार्यरत विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारियों का एक शिष्टमंडल प्रांतीय मंगल कमल कार्यालय में अपनी पेंशन सम्बन्धित मांगों को लेकर बीजेपी जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका से मिला। जिन्होंने बताया कि उन्हें शेयर मार्केट के अधीन होने के चलते एनपी एस व ओपीएस दोनों में पेंशन का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें मेडिकल सहुलियत की भी कोई सुविधा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इसे लेकर उन्हें सुरक्षित भविष्य की चिंता बनी रहती है। उन्होंने ओल्ड पेंशन बहाली के चिन्तन पर बल देने के बारे में अपना ज्ञापन जिला अध्यक्ष को सौंपा। इस अवसर पर बीजेपी से जिला प्रभारी सभी प्रकोष्ठ डॉ. अशोक कुमार रंगा, उदयभान मलिक, जिला उपाध्यक्ष कर्नल संदीप नैन, वरिष्ठ नेता अमित बंसल, वेदपाल हुड्डा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## 39 वर्ष सेवा के बाद रामप्रसाद सेवानिवृत्त

**रोहतक।** शुगर मिल रोहतक में 39 वर्षों की लंबी सेवा देने के बाद चीनी गोदाम प्रभारी रामप्रसाद हुड्डा सेवानिवृत्त हो गए। मिल अधिकारियों व कर्मचारीयों ने उनकी विदाई के लिए रखी पार्टी में अपने अनुभव साझा किए और भावुक होते हुए मिल के लिए किए गए कार्यों की काफी सराहना की। विशाल नगर स्थित आवास पर पहुंचने पर परिजनों, रिश्तेदारों और करीबियों ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। गांव रुड़की निवासी रामप्रसाद ने समारोह का आयोजन करने पर मिल प्रबंधन और सभी अधिकारियों कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि यहां के प्रबंधन और कर्मचारी साथियों ने ने हमेशा जीवन में मिठास देने का कार्य किया।



## दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देना मजाक: दिनोद

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन राज्य कमेटी की मीटिंग मंगलवार हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने की संचालन महासचिव सुमेर सिवाचं ने कौ। बैठक में दिनोद ने बताया कि मांगों को लागू नहीं किया गया तो 2 अप्रैल को विरोध गेट मीटिंग की जाएगी। 3 अप्रैल से क्रमवाईज सभी डिपो पर हड़ताल होगी। इसके पश्चात भी सरकार नहीं मानी तो 8 जून को परिवहन मंत्री निवास स्थान पर न्याय मार्च निकाला जाएगा। नेताओं ने बताया कि प्रदेश का अलग वेतन आयोग गठित करने व अन्तरिम राहत 5000 रूपए देने की मांग सरकार से की है। पुरानी पेंशन को बहाल करने, रिटायर कर्मचारियों रिटायरमेंट करते समय वेतन वृद्धि, पेंशन पर 65/70/75/साल पर 5-10 और 15% की वृद्धि, एचकेआरएन के कर्मचारियों सहित सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, कम्यूटेशन पर ब्याज दर कम करने क मांग भी कर्मचारियों की है। कर्मचारियों ने कहा कि अभी हाल ही कर्मचारियों को 2 प्रतिशत का महंगाई भत्ता देने का ऐलान सरकार ने किया है,जोकि कर्मियों के साथ मजाक है।



### ऑपरेशन की सफलता हमारे लिए सामाजिक उत्तरदायित्व भी : डॉ. राजेश

**उत्तर भारत के लगभग 10 लाख या इससे कम आबादी वाले किसी छोटे शहर में लीवर ट्रांसप्लांट करने वाला पहला निजी चिकित्सा संस्थान बना**

# पहली बार सफल लीवर ट्रांसप्लांट कर काएनोस अस्पताल ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चिकित्सा जगत में एक नया अध्याय लिखते हुए काएनोस अस्पताल ने लीवर का सफल ट्रांसप्लांट करके इतिहास रच दिया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उत्तर भारत के लगभग 10 लाख या इससे कम आबादी वाले किसी भी छोटे शहर ( में लीवर ट्रांसप्लांट करने वाला पहला निजी चिकित्सा संस्थान बन गया है। इस सफल सर्जरी के साथ ही काएनोस अस्पताल ने साबित कर दिया है कि विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अब सिर्फ बड़े महानगरों तक सीमित नहीं हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को अस्पताल की अत्यंत कुशल और अनुभवी टीम ने संभव बनाया, जिसमें देश के प्रतिष्ठित लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. राजेश गोदारा और डॉ. आनंद यादव शामिल हैं। इनके साथ ही प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. वीरेंद्र चौहान, एनेस्थीसिया टीम की डॉ. कीर्ति बेरवाल व डॉ. निशा यादव तथा आईसीयू विशेषज्ञों डॉ. जय प्रकाश, डॉ. गौरव आर्य के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. राजेश गोदारा ने इस अवसर पर कहा, "इस ऑपरेशन की सफलता हमारे लिए केवल चिकित्सकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। अब तक मरीजों को लीवर ट्रांसप्लांट के लिए दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था, जहां खर्च बहुत अधिक होता है। हमने उसी स्तर की सेवाएं लगभग 40% तक कम खर्च में अपने शहर में उपलब्ध कराई हैं। हमारा लक्ष्य है कि लीवर ट्रांसप्लांट जैसी जटिल चिकित्सा प्रक्रिया आम आदमी की पहुंच में हो। लीवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता उन मरीजों को पड़ती है।



**प्रक्रिया में लगते 8 से 12 घंटे**

डॉ. गोदारा ने कहा कि जिनका लीवर विभिन्न कारणों जैसे लंबे समय से हेपेटाइटिस (बी और सी), लीवर सिरोसिस, फैटी लीवर, लीवर कैंसर या गंभीर लिवर फेलियर के चलते काम करना बंद कर देता है। ऐसी स्थिति में लीवर ट्रांसप्लांट ही जीवन बचाने का अंतिम उपाय होता है, जिसमें मरीज के बीमार लीवर को स्वस्थ डोनर के लीवर (पूरा या आंशिक) से बदला जाता है। लीवर ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया अत्यंत जटिल और संवेदनशील होती है। आमतौर पर यह प्रक्रिया 8 से 12 घंटे तक चल सकती है।

**हजारों मरीजों में जगी नई उम्मीद**

काएनोस अस्पताल के निदेशक और वरिष्ठ आईसीयू विशेषज्ञ डॉ. अरविंद दहिया ने बताया, "यह सफलता इस क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ व्यक्तिगत और मानवीय देखभाल देने का है। हम हर मरीज के साथ परिवार के सदस्य जैसा रिश्ता स्थापित करते हैं, जिससे मरीज मानसिक रूप से भी मजबूत बन सके। हमारे यहां मरीजों को अस्पताल प्रवास के दौरान पूर्ण रूप से सुरक्षित और आत्मीय माहौल प्रदान किया जाता है। काएनोस अस्पताल की इस उपलब्धि से अब क्षेत्र के हजारों मरीजों और उनके परिवारों के लिए एक नई उम्मीद जगी है।

## पढ़ाई व खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित



**रोहतक।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम मांगे राम व मीना कुमारी द्वारा बाल देख-रेख संस्थान जगन्नाथ आश्रम बाल भवन का निरीक्षण किया गया। आयोग के सदस्यों द्वारा संस्थानों के बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें पढ़ाई व खेल के क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। आयोग टीम ने संस्थानों में कार्यरत सभी स्टाफ सदस्यों के कार्य -कलापों की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई व संस्थान में कार्यरत स्टाफ सदस्यों को जागरूक किया गया। संस्थान के प्रबंधक द्वारा बच्चों के कार्य क्षेत्र में कर रहे कार्यों की विशेष रूप से सराहना की। इसके साथ-साथ आयोग के सदस्यों द्वारा झुगी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को शिक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।